पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

## गांव की समस्याओं का गांवो में ही हो समाधान

– श्री केशव प्रसाद मौर्य

## आमजन की समस्याओं का हो गुणवत्ता के साथ त्वरित समाधान

## सहारनपुर बने प्रदेश के लिए विकास योजनाओं का रोल मॉडल

– केशव प्रसाद मौर्य

## प्रत्येक ग्राम में स्थापित हो पीएमएफएमई की एक यूनिट, ग्रामवासियों को मिलेगा रोजगार

## अमृत सरोवरों एवं अमृत वाटिकाओं की निरंतर की जाए समीक्षा

## आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहीं मातृशक्ति को आर्थिक रूप से किया जाए समृद्ध

लखनऊ : 15 नवंबर, 2025

उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने जनपद सहारनपुर के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सर्किट हाउस सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने उप मुख्यमंत्री जी को काष्ठ से निर्मित गणेश जी की मूर्ति भेंट की।

श्री केशव प्रसाद मौर्य ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के तहत प्रमुखता से ग्राम्य विकास, मनरेगा, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, खाद्य प्रसंस्करण आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर में विकास की अपार संभावनाएं है। सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें और सहारनपुर को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाएं। सहारनपुर विकास योजनाओं में रोल माडल बनकर अन्य जनपदों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आमजन के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुनिश्चित कराएं कि योजनाओं का लाभ पात्रों को हर हाल मे मिले। ग्राम चौपाल कार्यक्रम के अन्तर्गत गांव की समस्याओं का गांव में ही समाधान हो। फूड प्रोसेसिंग यूनिटों की स्थापना के लिए प्रयास किया जाए। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना में प्रत्येक ग्राम में एक यूनिट की स्थापना की जाए, जिससे गांव में ही लोगों को रोजगार मिल सके।

श्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निर्मित अमृत सरोवरों एवं अमृत वाटिकाओं की निरंतर समीक्षा की जाए। उन्होने कहा कि पीएम एवं सीएम आवास योजना के तहत सभी को पक्का मकान मिल सके। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से भी समन्वय किया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के अनुभवों का भी लाभ उठाया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि जिले की शिकायतों को जिले स्तर पर ही निस्तारित किया जाए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रहीं मातृशक्ति को आर्थिक रूप से समृद्ध किया जाए। इसके लिए लखपति दीदी योजना के लाभार्थियों का विस्तार करते हुए बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। जिलाधिकारी श्री मनीष बंसल से उप मुख्यमंत्री जी को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

समीक्षा बैठक में राज्यमंत्री लोक निर्माण विभाग श्री बृजेश सिंह, राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास श्री जसवंत सैनी, महापौर डॉक्टर अजय सिंह, विधायक नगर श्री राजीव गुंबर, विधायक नकुड श्री मुकेश चौधरी, विधायक गंगोह श्री कीरत सिंह, विधायक रामपुर मनिहारान श्री देवेंद्र निम, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आशीष तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री संतोष बहादुर सिंह, श्री महेन्द्र सैनी, श्री शीतल विश्नोई, श्री गौरव गर्ग सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

---

**सम्पर्क सूत्र**– बी0एल0 यादव

राम यतन/06:46 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in